जागरण सिटी पूर्वी दिल्ली पेज नं. 111 दिनांक 23/02/19

सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर हुई प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: वजीराबाद रोड स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में चल वैजंती नाम से अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय 'कानून ही सोशल मीडिया को नियंत्रित कर सकता है' रखा गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ. विधान पाठक और डॉ.अश्वनी कुमार मौजूद रहे। इसमें 22 कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचारों को मजबूती से प्रस्तुत किए।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेता डॉ. भीमराव अंबेडकर कालेज की टीमें व प्रोफेसर ● जागरण

प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ.जीके अरोड़ा ने कहा कि समाज में सोशल मीडिया का प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है, यह अच्छा भी है और गलत भी। उन्होंने कहा कि जरूरत से ज्यादा अगर किसी चीज का इस्तेमाल किया जाता है तो उसका दुष्प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। बहुत से लोग सोशल मीडिया के जरिये न केवल अपना व्यापार चला रहे हैं, बल्कि लोग इसमें अपना भविष्य भी तलाश रहे हैं। जिस तरह से सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ रहा है, उतनी तेजी से साइबर अपराध भी बढ़ रहा है। यह अपराध कठोर कानून से ही रुक सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, द्वितीय शिवाजी कॉलेज एवं तृतीय पुरस्कार मोतीलाल नेहरू कॉलेज ने जीता। सभी विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। अंत में प्रतियोगिता की संयोजक दिलजीत कौर ने धन्यवाद ज्ञापन पढ़ा।